कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

E-mail :nodalofficerddn@gmail.com
Phone/ Fax: 0135-2767611

संख्याः– 2995/FP/UK/Others/148185/2021 देहरादूनःदिनॉक 14 जून, 2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
गढ़वाल वृत्त,
पौड़ी।

विषयः– जनपद–रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत नगर पंचायत अगस्त्यमुनि में कूड़ा निस्तारण स्थल के निर्माण हेतु 0.90 हे0 वन भूमि को नगर पंचायत, अगस्त्यमुनि को लीज पर दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रकरण से सम्बन्धित वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित किये गये हैं। वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का गहन अवलोकन करने के पश्चात् निम्न प्रकार प्रस्ताव में अपूर्णता दृष्टिगत हो रही है, जिसका निराकरण किया जाना तत्काल आवश्यक है। प्रस्ताव में इंगित कमियां निम्न प्रकार हैं :–

1. प्रस्ताव कितने वर्षों हेतु लीज पर लिया गया है, इस हेतु लीज अवधि का प्रमाण–पत्र प्रस्ताव में संलग्न नहीं किया गया है एवं ऑनलाईन पैरा–A-1(x) में वन भूमि कितने वर्षो हेतु लीज पर ली गयी है इसकी अवधि अंकित नहीं की गयी हैं।
2. वन अधिकार अधिनियम, 2006 से सम्बन्धित अभिलेख/प्रमाण–पत्र प्रस्ताव में संलग्न करते हुये ऑनलाईन यथास्थान अपलोड करने का कष्ट करें।
3. प्रस्तावित निर्माण कार्य के ले–आउट प्लान के अनुसार परियोजना का मदवार विवरण प्रस्ताव में संलग्न करने का कष्ट करें। इसके अतिरिक्त परियोजना की kml file में ले–आउट प्लान को दर्शाते हुये पुनः संशोधित Kml file यथा स्थान अपलोड करने का कष्ट करें।
4. प्रस्ताव ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन (कूड़ा निस्तारण) हेतु प्रस्तावित है जिस हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्रस्ताव में संलग्न करने का कष्ट करें।
5. प्रस्ताव के ऑन लाईन फार्म ए के पार्ट–I के पैरा–E में प्रस्तावित परियोजना में रोजगार उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में आपके द्वारा ऑन लाईन 50 स्थाई रोजगार की सूचना भरी गई है। अतः इस सम्बन्ध में सूचित किया जाय कि क्या प्रश्नगत परियोजना के क्रियान्वयन में 50 लोगों को आपके द्वारा स्थाई रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा, अन्यथा सही सूचना भरी जाय।
6. प्रस्ताव के ऑनलाईन पार्ट–I के पैरा–K में वन अधिकार अधिनियम, 2006 से सम्बन्धित सूचना अपलोड नहीं की गयी है।
7. प्रस्ताव में संलग्न प्रभावित वृक्षों की सूची में वृक्षों का वैज्ञानिक नाम, सामान्य नाम एवं इंग्लिश नाम सहित व्यासवार एवं प्रजातिवार सूची प्रस्ताव में संलग्न करने का कष्ट करें।

अतः उपरोक्त कमियों का निराकरण करने हेतु अपने स्तर से सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी/प्रस्तावक विभाग को निर्देशित करने का कष्ट करें, एवं प्रस्ताव में इंगित कमियों का पूर्ण निराकरण करने के पश्चात प्रस्ताव इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(ए0के0 गुप्ता)
वन संरक्षक

संख्याः– 2995/FP/UK/Others/148185/2021 दिनॉकित।

1. प्रतिलिपि :– प्रभागीय वनाधिकारी, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग को इस आशय से प्रेषित कि प्रस्ताव में इंगित कमियों का प्रस्तावक विभाग से पूर्ण निराकरण/समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करवाकर प्रस्ताव इस कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।
2. प्रतिलिपि :– अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, अगस्त्यमुनि, रूद्रप्रयाग को इस आशय से प्रेषित कि प्रस्ताव में इंगित कमियों का पूर्ण निराकरण करने हेतु प्रस्ताव की प्रतियां इस कार्यालय से वापस प्राप्त कर लेवें एवं सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी/वन संरक्षक के माध्यम से प्रस्ताव इस कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

(ए0के0 गुप्ता)
वन संरक्षक